Title: Need to declare community health guides as government employees.

श्री चेतन चौहान (अमरोहा) : अध्यक्ष जी, ग्रामीण स्वास्थ्य जनसेवक गांव-गांव जाकर सरकार की तरफ से स्वास्थ्य संबंधी कार्य करते हैं। गांव में फैलने वाली महामारी की सूचना भी वह देते हैं। देशभर में ऐसे स्वास्थ्य जनसेवकों की संख्या ५ लाख है। यह बड़े ही दुख की बात है कि गत बीस सालो से उनको ६० रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जा रहा है। इन लोगों की हालत बहुत खराब हो गई है। इन में से बहुत से लोग मर चुके हैं। इनको देखने वाला कोई नहीं है। सरकार भी इन स्वास्थ्य जनसेवकों की सेवाओं का पूरा उपयोग नहीं कर पा रही है। अतः मेरी सरकार से मांग है कि इन जनसेवकों को पूरे तौर पर सरकारी कर्मचारी घोषित किया जाये और सरकारी कर्मचारियों की भांति ही इन लोगों को वेतन दिया जाये। ये लोग परिवार नियोजन कार्यक्रमों में सरकार की और मदद कर सकते हैं। इसलिये अच्छी तनख्वाह देकर इनसे काम लिया जाये।

>

श्री राजवीर सिंह : अध्यक्ष जी, श्री चेतन चौहान जी ने जो कहा, उससे स्वयं को जोड़ते हुये यह कहना चाहता हूं कि यह मामला बहुत गंभीर है। ऐसे बहुत से लोग स्वास्थ्य रक्षा के कार्यो में लगे हुये हैं, उनको कई वर्षों से ६० रुपये वेतन भी नहीं मिल रहा है। मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि जनता पार्टी के शासन में तत्कालीन स्वास्थय मंत्री स्व. श्री राज नारायण ने यह योजना प्रारम्भ की >थी लेकिन उसके बाद से इस योजना की बराबर उपेक्षा की जा रही है। मेरा निवेदन है कि सरकार इसको गंभीरता से ले और उन गरीब लोगों की सहायता अवश्य करे।